लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2350

उत्तर देने की तारीख : 03.08.2021

सामाजिक न्याय हेतु निधि

2350. श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:
डॉ. उमेश जी. जाधव:
श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत 3 वर्षों के दौरान सरकार द्वारा विशेष रूप से देश में सामाजिक न्याय की व्यवस्था में सुधार करने के लिए कुल कितनी निधि आवंटित की गई है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इस संबंध में कितनी निधि का उपयोग किया गया है;

(ग) क्या गत दो वर्षों के दौरान सरकार द्वारा अपनी स्कीमों, योजनाओं और कार्यक्रमों की उपयोगिता जानने के लिए कोई समीक्षा की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे हैं?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री ए. नारायणस्वामी)

(क) और (ख): एससी, ओबीसी, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य सीमांत वर्गों की प्रगति के लिए गत तीन वर्षों के दौरान आवंटित तथा प्रयुक्त निधियों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) और (घ): वर्ष 2020-21 में तीसरे पक्षकारों द्वारा स्कीमों का विस्तृत मूल्यांकन करवाया गया था। उनकी सिफारिशों के आधार पर, कतिपय स्कीमों का विलय कर लिया गया है, कुछ स्कीमों को निकाल दिया गया है और कई स्कीमों की कार्यक्रम संबंधी विषय-वस्तु को बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए परिवर्तित किया गया है।

अनुबंध

दिनांक 03.08.2021 के लिए लोक सभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2350 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

(रुपए करोड़ में)

क्र.सं.	स्कीम का नाम	वित्तीय वर्ष 2018-19		वित्तीय वर्ष 2019-20		वित्तीय वर्ष 2020-21	
		बजट	व्यय	बजट	व्यय	बजट	व्यय
1.	कक्षा IX और X में अध्ययनरत एससी छात्रों के लिए मैट्रिकपूर्व स्कीम	125.00	115.40	355.00	352.30	700.00	569.52
2.	सफाई और स्वास्थ्य के लिए जोखिम पूर्ण कार्यों में लगे व्यक्तियों के बच्चों को मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति	4.00	3.12	30.00	29.40	27.00	26.81
3.	एससी के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	6000.00	5928.16	2690.00	2711.31	3815.87	4010.16
4.	अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता	900.00	897.25	1100.00	1114.30	300.00	387.00
5.	एससी के लिए कार्य करने वाले वीओ को सहायता	30.00	36.08	70.00	67.17	125.00	55.81
6.	बाबू जगजीवन राम बाल और बालिका छात्रावास योजना	32.00	36.56	25.00	25.00	30.00	56.40
7.	प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना	140.00	167.89	718.00	717.96	300.00	216.52
8.	एससी छात्रों के लिए उच्च कोटि शिक्षा की केन्द्रीय सेक्टर छात्रवृत्ति	25.00	25.48	40.50	39.70	50.00	52.88
9.	एससी और ओबीसी छात्रों के लिए नि:शुल्क कोचिंग स्कीम	15.00	14.88	30.00	13.26	30.00	11.97
10.	एससी छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप स्कीम	240.00	240.00	246.66	246.66	125.00	119.00
11.	राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति	15.00	5.96	20.00	32.76	30.00	32.92
12.	ओबीसी छात्रों के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति	132.00	121.84	220.00	201.42	175.00	165.85
13.	ओबीसी छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	983.25	1000.46	1397.50	1299.19	1100.00	1159.59
14.	ईबीसी छात्रों के लिए डॉ. अम्बेडकर मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	23.00	23.00	13.00	13.99	25.00	25.00
15.	डीएनटी छात्रों के लिए डॉ. अम्बेडकर मैट्रिकपूर्व और मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	10.00	9.00	10.00	9.00	10.00	9.00
16.	ओबीसी बालकों और बालिकाओं के लिए छात्रावासों का निर्माण	30.00	36.05	30.00	21.29	35.00	31.59
17.	ओबीसी और ईबीसी के लिए ओवरसीज़ अध्ययन हेतु शैक्षणिक ऋण पर ब्याज सब्सिडी संबंधी डॉ. अम्बेडकर स्कीम	10.00	10.00	26.09	26.09	35.00	32.61
18.	ओबीसी छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप	30.00	30.00	52.50	52.50	45.00	33.00
19.	ओबीसी/डीएनटी/ईबीसी के कौशल विकास हेतु सहायता	30	40	34	34	50.00	47.29
20.	सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955	403.72	405.72	630.00	619.64	600.00	593.39
21.	ड्रग्स की मांग में कमी संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना	113.50	112.33	135.00.	134.89	180.00	149.43
22.	ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए कल्याण	1.00	1.00	5.00	4.50	10.00	0.00
23.	भिखारियों के लिए एकीकृत पुनर्वास कार्यक्रम	0.50	0.50	25.00	21.14	0.00	0.00
24.	मैनुअल स्केवेंजरों के पुनर्वास हेतु कार्यक्रम	70.00	85.76	110.00	84.80	30.00	16.60
25.	राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक कार्य योजना (एनएपीएसआरसी)	65.07	65.07	138.79	138.79	130.31	130.31

*****